




# समारोह में पत्रकार भूपेंद्र भूतड़ा को ज्ञान स्वरूप श्रीवास्तव स्मृति टेपा सम्मान

- टेपा सम्मेलन में शंभू शिखर,
- एकेश पार्थ और साथी कवियों ने खूब हंसाया

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर एक अप्रैल को कालिदास अकादमी में 53 वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को अशांति का ग्लोबल टेपा सम्मान प्रदान करने की घोषणा की गई। टेपा सम्मलेन में वार्षिक टेपा रपट पढ़ते हुए सुमेध सिंह शर्मा ने कहा कि जब ट्रम्प को शांति का नोबल पुरस्कार नहीं मिला तो जिसे मिला उससे एक तरह से छीन ही लिया और अब टेरिफ की दादागिरी के बाद, दूसरे देशों पर हमले कर अमन शांति की धज्जियां उड़ा दी हैं। डॉ. शिव शर्मा एवं समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ की स्मृति को समर्पित, धुरंधर टेपा सम्मेलन में अतिथियों को टेपा मुकुट पहनाई गयी थी। सम्मेलन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव पर प्रशस्ति वाचन कर उपाधि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, गिनील नवलकर मंच पर टेपा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशस्ति वाचन डॉ. हरीशकुमार सिंह, अशोक भाटी, सुरेन्द्र सर्किट ने किया। कॉमेडियन और हास्य अभिनेता राकेश बेदी से जब यह पूछा गया कि आप श्रोता दर्शकों को क्या कहना चाहेंगे तो उन्होंने कहा कि जब कोई तुमसे यह कहे कि बच्चा है तू मेरा, तो उस आदमी से बच के रहना। टेपा सम्मलेन में 53 वां राधा लाला अमरनाथ स्मृति हास्य व्यंग्य टेपा सम्मान हास्य अभनेता राकेश बेदी को टेपा अतिथि महेश परमार, नंदलाल यादव, पं. योगेश शर्मा, शिवा खत्री, राजेश धाकड़ ने प्रदान किया। एडवोकेट ज्ञानस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति टेपा सम्मान पत्रकार भूपेंद्र भूतड़ा को प्रलभ श्रीवास्तव ने प्रदान किया। स्व. कन्हैयालाल भूतड़ा स्मृति टेपा सम्मान वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांचाल को निकुंज भूतड़ा ने प्रदान किया। टेपा सम्मेलन का शुभारंभ अकादमी के मुक्ताकाशी मंच के प्रांगण में टेपा गीत की आकर्षक प्रस्तुति से हुआ। संचालन हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने किया। सूत्र संयोजन अशोक भाटी, सुरेन्द्र सर्किट ने किया। मनीष शर्मा ने श्रोतां, स्थानीय प्रशासन, अकादमी और मीडिया का आभार व्यक्त किया।



# महाकाल की नगरी में 'प्रतिकल्पा' बनेगा विकास का नया केंद्र

**उज्जैन।** महाकाल नगरी के वासियों का इंतजार समाप्त हुआ और नानाखेड़ा पर उज्जैन विकास प्राधिकरण ने प्रतिकल्पा नामक जो आवासीय और व्यावसयिक प्रकल्प निर्मित किया है। उसे देखने के लिए लाइन लग चुकी है। अधिकारी कर्मचारी निवेशकों को मौका मुआयना करवा रहे, 10 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच कोई भी व्यक्ति इसे खरीद सकता है। महाकाल की नगरी इन दिनों विकास के नए दौर से गुजर रही है। आगामी महाकुंभ 2028 को लेकर शहर में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का काम तेजी से चल रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप इस बार का महाकुंभ भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं तैयार की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास प्रतिकल्पा नामक एक वृहद आवासीय एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण



किया गया है। प्रतिकल्पा उज्जैन के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। यह परिसर ऐसे स्थान पर बनाया गया है जहां से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और व्यापारी आसानी से जुड़ सकेंगे। प्रदेश का सबसे बड़ा नानाखेड़ा बस स्टैंड इसी क्षेत्र में स्थित है, वहीं महाकाल मंदिर यहां से लगभग पांच मिनट की दूरी पर है और इंदौर लगभग पैंतालीस मिनट में पहुंचा जा सकता है। इसी कारण यहां आवास और व्यवसाय दोनों के लिए लोगों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए इस परिसर में आवासीय और व्यावसायिक दोनों प्रकार के स्थान उपलब्ध हैं। यहां दो कक्षीय और तीन कक्षीय आवासीय फ्लैट, शोरूम, दुकानें और कार्यालय कक्ष बनाए गए हैं। परिसर में भूमिगत तथा निचले तल पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, छह तीव्र गति वाली लिफ्ट, आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए अलग-अलग प्रवेश लॉबी, पूर्णतः वातानुकूलित आवासीय फ्लैट, विशाल बालकनी और आधुनिक केंद्रीयकृत वातानुकूलन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। व्यावसायिक शोरूम लगभग नौ सौ से दो हजार वर्गफुट तक के क्षेत्रफल में बनाए गए हैं और इनमें दोहरी ऊंचाई के साथ मध्य तल की व्यवस्था भी है। प्राधिकरण द्वारा आम नागरिकों को यह संपत्ति उपलब्ध कराने के लिए 10 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय फ्लैट, दुकान, शोरूम अथवा कार्यालय कक्ष के लिए आवेदन कर सकते हैं। बड़ी संख्या में लोग प्रतिकल्पा परिसर को देखने और इसकी जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह भी है कि बाहर के निवेशक भी यहां संपत्ति खरीदने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे हैं जिससे इस परियोजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिकल्पा परिसर का लोकार्पण भी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब डॉ. यादव मध्यप्रदेश शासन में उच्च शिक्षा मंत्री थे, तब उन्होंने इस परियोजना का भूमिपूजन किया था। लगभग तीन वर्षों में इसका निर्माण तेजी से पूरा किया गया और अब इसे आम जनता के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सीईओ बोले पहले देखें फिर विश्वास करें

उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने बताया कि इस परियोजना के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विकास प्राधिकरण के भरतपुरी स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति प्रतिकल्पा परिसर को प्रत्यक्ष रूप से देखना चाहता है तो प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी नाना खेड़ा स्थित परिसर पर उपलब्ध रहेंगे। जहां जाकर लोग इसका अवलोकन कर सकते हैं और निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कुंभ की तैयारियों के बीच तैयार हुआ प्रतिकल्पा न केवल आवास और व्यापार की नई संभावनाएं खोल रहा है।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम पर ग्रामीणों ने किया पथराव

**उज्जैन।** शासकीय जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण का मामला सामने आने पर राजस्व की टीम कार्यवाही के लिये पहुंचा, ग्रामीणों ने रास्ता रोक लिया, तहसीलदार से युवती ने अभद्रता की। पुलिस ने 4 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। मामला देवास रोड स्थित नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरी का है। कुछ ग्रामीणों द्वारा अपने से पर जाने के लिए शासकीय जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था। मामले की शिकायत राजस्व विभाग के पास पहुंची थी, बुधवार को तहसीलदार अर्चना गुप्ता के साथ नायब तहसीलदार दीप्ति मांझी, दो राजस्व निरीक्षक, चार पटवारी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के लिए जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे। दौरान ग्रामीणों ने राजस्व अमले का रास्ता रोक लिया और विवाद करने लगे। तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की तो एक युवती ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। कुछ लोग जेसीबी के आगे खड़े हो गए। मामला बिगड़ता देख नागझिरी थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी कमल निगवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे, यह देख कुछ ग्रामीणों ने पत्थरों का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए मामला शांत कराया और राजस्व विभाग की कार्रवाई को पूरा कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में नायब तहसीलदार के आदेश पर शांति भंग करने एवं विवादित स्थिति पैदा करने वाले आकाश पिता सत्यनारायण, मोहन पिता सिद्ध, भेरूलाल पिता सिद्धूलाल, बहादुर पिता आत्माराम को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## जेल प्रहरी से मिले जर्दा पाउच

- केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का मामला, नोटिस जारी किया गया

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के एक प्रहरी को जेल प्रशासन की टीम ने जर्दा पाउच के साथ पकड़ा, प्रहरी अंडरगारमेंट्स में छुपा कर जेल में प्रवेश कर रहा था।

केंद्रीय जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि चैकिंग के दौरान जेल प्रहरी नरेंद्र चौधरी पर संदेह होने के चलते उसकी तलाशी ली गई थी। अंडर गारमेंट्स में छुपा कर रखे जर्दे के पाउच बरामद हो गए। पूछताछ करने पर प्रहरी जवाब नहीं दे पाया। संभावना जताई गई थी वह जेल में बंद किसी बंदी के लिए उक्त जर्दा पहुंच लेकर जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रहरी के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है जिसका जवाब मिलते ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विभाग की जांच शुरू कर दी गई है। केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में पहले भी कई प्रहरियों को बंदियों के लिए मादक पदार्थ, बीड़ी सिगरेट, तंबाकू और जर्दा पाउच के साथ पकड़ा जा चुका।

## एक नजर में



### प्राचार्या ने किया पौधारोपण, विद्यार्थी सम्मानित

**उज्जैन।** प्रसार एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आलोक इंटरनेशनल स्कूल ने अपना 9वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पूजनीय दद्दा के मार्गदर्शन में 2 अप्रैल 2017 को स्थापित इस विद्यालय के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ, प्राचार्या यामिनी पाटनकर, एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा, अभिषेक वशिष्ठ और विद्यार्थियों ने परिसर में पौधारोपण किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों व राष्ट्रप्रेम का प्रभावशाली प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या यामिनी पाटनकर ने विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस मौके पर शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने विद्यालय की निरंतर प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### उज्जैन से उन्हेल तक निकली बाबा की रथ यात्रा

**उज्जैन।** अखिल भारतीय श्री रूपसिंह दरबार बंजारा सेना संगठन और गोविंद दायमा मित्र मंडली के तत्वावधान में उज्जैन के चौपाल सागर से उन्हेल तक बाबा रूपसिंह जी महाराज की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। एक विशाल वाहन रैली के रूप में निकली। इस यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय बंजारा सेवा संगठन के युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक गोविंद दायमा ने किया। इस दौरान हजारों की संख्या में युवा और समाजजन रैली में शामिल हुए। यात्रा संयोजक गोविंद दायमा ने बताया कि उन्हेल में बालू खींची द्वारा 51 जोड़ों का विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी पुनीत आयोजन में सम्मिलित होने और अपना सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह रथ यात्रा निकाली गई है। यात्रा के उन्हेल पहुंचने पर विवाह सम्मेलन के संयोजक बालू खींची और नारद खींची का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया जाएगा। रथ यात्रा में राहुल मोडावत, अजय दायमा, अर्जुन गौड़, चंद्र सिंह दायमा सहित बड़ी संख्या में संगठन सदस्य व समाजजन उपस्थित थे।

### 21 क्विंटल गन्ने के रस का भंडारा

**उज्जैन।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ और टाइगर श्रॉफ के प्रशंसक ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मुरादपुर मंदिर में 21 क्विंटल गन्ने के रस का विशाल भंडारा आयोजित किया। अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए थे। इसके ठीक बाद, हनुमान जन्मोत्सव पर रवि ने अपने चहेते अभिनेताओं की ओर से यह पुनीत कार्य किया। भीषण गर्मी के बीच मंदिर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने गन्ने के रस का प्रसाद ग्रहण कर राहत महसूस की और इस अनूठी पहल की सराहना की। शहर में रवि की पहचान अपने पसंदीदा सितारों के नाम पर सेवा कार्य करने वाले युवा के रूप में है। वे हर साल जैकी और टाइगर श्रॉफ के नाम पर कई भंडारे और आयोजन करते हैं। इसी तरह जनसेवा और जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला जारी रखेंगे।

## मंशापूर्ण हनुमान की हुई महाआरती

- हनुमान प्राकट्योत्सव पर छप्पन भोग लगाकर हुआ विशाल भंडारा

**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में श्री हनुमान प्राकट्योत्सव बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय धार्मिक समारोह में सुंदरकांड, महाआरती और भंडारे सहित विविध अनुष्ठान संपन्न हुए। मंदिर के व्यवस्थापक एवं महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि 1 अप्रैल को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं, 2 अप्रैल को मुख्य पर्व पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके पश्चात महाआरती कर भगवान श्री हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चिंतामणि मालवीय उपस्थित रहे। महाआरती के बाद भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। आयोजन में संयोजक प्रकाश तल्लैरा, कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र तल्लैरा शैलू, कार्तिक टटवाल और सुरेन्द्र गुप्ता मुन्ना सहित सचिन अग्रवाल, रतनसिंह कुशवाह, रमाकांत चौहान, श्यामसुन्दर मंत्री, सुरेश मोढ़, सुनील अग्रवाल, पुजारी बाबुलाल टटवाल, ओंकारसिंह पाल, श्याम धनवानी, संजय गुजराती, आशीष सोनी, रमेशचंद्र शर्मा, संजय सोड़ानी, प्रजापति, अजय भावसार, अमित भदौरिया, मनीष डाबर, बालकिशन भावसार, भगवानदास गिरी, प्रेमकुमार मेहर एवं विजय मेहर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चाकू मारकर युवक की हत्या, आगर रोड पर मिली लाश

- चिमनगंज क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच

**उज्जैन।** आगर रोड पर गुरुवार सुबह एक युवक की लाश मिली। युवक की चाकू मारकर हत्या की गई थी। पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची, कुछ देर में ही युवक की पहचान हो गई। पुलिस हत्या के आरोपियों की तलाश कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया आगर रोड पर शराब दुकान से पहले उज्जैन की ओर आने वाले मार्ग पर एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची थी। घटना स्थल के आसपास खून फैला हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि युवक को पैर और जांघ पर चाकू के कई गहरे घाव लगे हैं। चाकूबाजी के दौरान युवक ने जान बचाने के लिए दौड़ लगाई थी जिसके चलते कई जगह खून फैला है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया और युवक की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। कुछ देर में सामने आया कि मृतक बेगम बाग क्षेत्र का रहने वाला भूरा उर्फ आसिफ पिता गफ्फार मंसूरी 28 वर्ष है। भाई सिकंदर ने घटनास्थल पहुंचकर पहचान की और बताया कि शराब पीने का आदी था रात 9 के लगभग घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा था। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। युवक की चाकू मार कर हत्या करने वालों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। जल्द आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### शिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

उज्जैन। गुरुवार सुबह शिप्रा नदी से एकयुवक की लाश बरामद की गई है। मामला आत्महत्या का सामने आ रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शिप्रा नदी स्थित सिद्ध आश्रम के सामने एक व्यक्ति का शव देख लोगों ने सूचना दी थी। पुलिस ने तैराक दल के सदस्यों की मदद से लाश को बाहर निकाला। जिसकी पहचान लोकेश उर्फ पप्पू पिता कैलाश राव निवासी जयसिंहपुरा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि बुधवार दोपहर से लापता था।

## बैंक के अध्यक्ष का अभिनंदन किया

**उज्जैन।** धर्मराज मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में परस्पर सरकारी बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 में इकत्तीस लाख तिर्यालीस हजार रुपये का लाभ अर्जित करने तथा बैंक का एनपीए 2 प्रतिशत होने पर बैंक परिवार ने बैंक अध्यक्ष अनिलसिंह चंदेल का साफ़ा बांधकर शाल श्रीफल तथा पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। संचालन बैंक उपाध्यक्ष हरदयालसिंह ने किया तथा बैंक संचालक डॉ. अजयशंकर जोशी, श्रीराम सांखला, निशा त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, बैंक घनश्याम सक्सेना, वीरेंन्द्रसिंह पंवार, एसएन सोमानी, बैंक प्रबंधक-शिरोमणि नवल ने बैंक की प्रगति पर प्रकाश डाला तथा आभार आभार मुख्य महाप्रबंधक पंकज कवठेकर ने माना।

## नारायणा धाम में ध्वजारोहण, श्रीकृष्ण को अर्पित की सोने की बांसुरी

- चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर गाजे-बाजे के साथ निकला चल समारोह

**उज्जैन।** नारायणा स्थित श्रीकृष्ण सुदामा धाम में गुरुवार को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिमाह की तरह भव्य ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः काल भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का विशेष अभिषेक पं. नारायण शर्मा, पं. मनीष शर्मा और पं. अर्जुन शर्मा ने किया गया। अभिषेक व पूजन के पश्चात भगवान का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें आकर्षक पगड़ी पहनाई गई। प्रातः 10 बजे ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ मंदिर से ध्वजा का चल समारोह निकाला गया। गांव में भ्रमण के दौरान



जगह-जगह समारोह का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालु नाचते-गाते सुबह 11.30 बजे मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेमनारायण शर्मा ने ध्वजारोहण के लाभार्थी सांवेर के मेरखेड़ी निवासी नरेंद्र सिंह पंवार की तिलक लगाकर अगवानी की। इसके बाद दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इस विशेष अवसर पर लाभार्थी नरेंद्र सिंह पंवार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को लगभग सवा तोले सोने की बांसुरी अर्पित की गई। शिखर पर ध्वजा फहराने के पश्चात मंदिर में महाआरती संपन्न हुई और श्रद्धालुओं को चने-चावल की प्रसादी वितरण के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## कदवाली में कुंए में गिरने से वृद्धा की मौत

**घट्टिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम कदवाली में एक 73 वर्षीय वृद्ध महिला का शव खेत के कुंए में मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि महिला पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। 73 वर्षीय मीरा बाई पति बापू चावड़ा (बंजारा), बुधवार को अचानक घर से लापता हो गई थीं। दोपहर के समय उनका शव गांव के ही जयदीप सिंह के खेत में स्थित एक कुएं में तैरता हुआ पाया गया। मृतका के पुत्र के अनुसार, वृद्धा की आंखों की रोशनी कम थी और पिछले 3-4 महीनों से उनकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। बुधवार को भी वह टहलते हुए खेत की ओर चली गईं और कुएं के पास एक पेड़ की छांव में बैठी देखी गई थीं। जिसके कुछ देर बाद यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही घट्टिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय उज्जैन भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर बुजुर्गों की देखभाल और सुरक्षा की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

## घर में अकेली 18 साल की युवती ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम लखाहेड़ा में रहने वाली ज्योति पिता लाल सिंह 18 वर्ष को परिजन रात में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि ज्योति ने फांसी लगाई थी। घटना के समय परिवार बाजार गया हुआ था जब लौटा तो उन्होंने फंदे पर लटका देखा था। परिजनों ने बताया कि पूरा परिवार गुजरात में रहता है। ग्राम लखाहेड़ा उनका पैतृक गांव है, 2 दिन पहले ही पूरा परिवार गांव लौटा था। फिलहाल ज्योति के फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई है पुलिस द्वारा मार्ग कम कर जांच शुरू की गई है।

नामदा थाने में हलचल — खरगोन में व्यापारी पर गोली चलाने का किया खुलासा

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर का सरेंडर, काफी समय से थी तलाश

**उज्जैन।** नागदा में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। शूटर की काफी समय से खरगोन पुलिस को तलाश थी। शूटर के सरेंडर करने के बाद सामने आया कि उसने खरगोन के व्यापारी पर गोली चलवाई थी।

शहर से करीब 60 किमी. दूर नागदा स्थित रत्नाखेड़ी में रहने वाले राजपाल चंद्रावत पर कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य होने ओर गैंग के साथियों को फरारी कटवाने के आरोप लगे थे। उसकी काफी समय से खरगोन पुलिस तलाश कर रही थी, एसआईटी भी राजपाल को सरगर्मी से तलाश रही थी। उसके परिवार से कई बार पूछताछ हो चुकी थी, इस बीच गुरुवार सुबह अचानक राजपाल ने पहले मीडिया से चर्चा की और बाद में खुद को सरेंडर करने का वीडियो वायरल कर नागदा पुलिस को सूचना दी। नागदा थाना पुलिस रत्ना खेड़ी पहुंची और राजपाल को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामला खरगोन से जुड़ा हुआ है संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी गई, बताया जा रहा है कि राजपाल ने खरगोन के जिला कसरावद में व्यापारी दिलीप राठौर के घर फायरिंग करवाई थी। मामले में उसका नाम सामने आने पर एसआईटी उसके परिवार को लगातार राजपाल की जानकारी जुटाना के लिए परेशान कर रही थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर राजपाल ने सरेंडर करने से पहले मीडिया से कहा कि खरगोन का व्यापारी दिलीप छोटी बच्चियों पर गलत नजर रखता था और किसानों के साथ अत्याचार करता था। उसे सबक सिखाने के लिए पहले उसके साथियों ने हमले की कोशिश की। राजपाल ने कहा कि जो भी गलत काम करेगा, उसे लॉरेंस गैंग नहीं छोड़ेगी।



### एनआईए कर चुकी जांच

राजपाल और योगेश भाटी का नाम पहले भी कई बड़े आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। मोहाली में स्थित पुलिस के खुफिया विभाग के मुख्यालय पर हुए रॉकेट लॉन्चर हमले के मामले में आरोपी दीपक रंगा को पनाह देने के आरोप में भी राजपाल और योगेश भाटी का नाम सामने आया था। इस मामले में एनआईए ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

## मामोडिया ट्राइबल गेम्स में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन के कार्यालय में पदस्थ और विक्रम अवॉर्डी मुन्नालाल मामोडिया धाकड़ को अहम जिम्मेदारी मिली है। भारत सरकार की स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में उन्हें मलखंभ प्रतियोगिता का तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया इससे पहले भी नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और कई अन्य प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।